# प्रभु श्रीराम ने सद्‌गुणों से जीता युद्ध

## रामकथा में मंदाकिनी रामकिंकर ने श्रीराम-रावण युद्ध की व्याख्या की

**भोपाल, 27 जुलाई. मानस भवन में रामकथा के दूसरे दिन रविवार को मानस मर्मज्ञ दीदी मंदाकिनी रामकिंकर ने त्रेतायुग में भगवान श्रीराम और रावण क बीच हुए युद्ध की व्याख्या करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम की प्रत्येक लीला का एक सार्वकालिक सन्देश है.**



उन्होंने कहा यह अनोखा युद्ध था, जिसमें दोनों सेनाओं में कोई बराबरी नहीं थी. भगवान श्रीराम के पास न रथ था, न कवच, न पादत्राण. यदि प्रभु चाहते तो अयोध्या से सेना बुला सकते थे. देवताओं से दिव्यास्त्र मंगवा कर भी लड़ सकते थे. पर प्रभु ने स्वर्ग के राजा इन्द्र से ना तो अस्त्र-शस्त्र की याचना की, यहां तक कि रथ नहीं मांगा. प्रभु ने नाव के बहाने केवट की दीनता मांग ली, उसकी दरिद्रता मिटा दी.

प्रभु का तात्पर्य था कि जिस युद्ध में शाश्वत विजय प्राप्त करनी हो, उसके लिए जो रथ चाहिए. वह स्थूल रथ नहीं, सद्‌गुणों का रथ चाहिए, उनके धर्मरथ की उपमा गोस्वामी तुलसीदास ने दी है. प्रभु श्रीराम ने विभीषण को संकेत दिया कि मेरे पास तो एक जीवंत-चैतन्य धर्मरथ है. श्री हनुमानजी महाराज ने लंका में जो विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन किया, विभिन्न पद्धतियों से राक्षसों का वध किया, वह बड़ा मनोवैज्ञानिक प्रसंग है.

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजयदत्त श्रीधर ने दीदी मंदाकिनी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की. इस अवसर पर गंगाप्रसाद बरसैया, रघुनंदन शर्मा, श्री प्रभुदयाल मिश्र एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे.

### हनुमानजी ने कोई अस्त्र-शस्त्र का प्रयोग नहीं किया

मानस मर्मज्ञ दीदी मंदाकिनी रामकिंकर ने बताया हनुमानजी ने कोई अस्त्र या शस्त्र का प्रयोग नहीं किया. हमने तो श्री हनुमानजी के हाथों में वज्र और गदा थमा दी है. ''हाथ वज्र और गदा विराजे' पर श्री रामचरितमानस में उसका कहीं उल्लेख नहीं. उन्होंने कहा श्री हनुमानजी का तात्पर्य यह है कि बुरे लोगों को मारने के लिए कोई अस्त्र, शस्त्र की आवश्यकता नहीं, वे अपनी बुराई से ही मारे जाते है. ऐसे श्री हनुमानजी के चरणों के आश्रय का लेकर व्यक्ति जीवन में सफलता निश्चित रूप से प्राप्त कर सकता है.

## मुक्तेश्वर महाकाल का आज सहस्त्रधारा अभिषेक

**भोपाल, 27 जुलाई.** सावन माह के तृतीय सोमवार को छोला विश्रामघाट स्थित मुक्तेश्वर महाकाल मंदिर से शाम 4 बजे राजाधिराज मुक्तेश्वर महाकाल की सवारी निकलेगी. रात्रि 8 बजे आरती के बाद बाबा मुक्तेश्वर महाकाल का 11 क्विंटल दूध से सहस्त्रधारा अभिषेक किया जाएगा. इधर, श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा बाबा बटेश्वर का 21 क्विंटल दूध से सहस्त्र धारा अभिषेक किया जाएगा. समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया प्रात: काल नियमित रुद्राभिषेक एवं महा आरती के बाद गणेश पूजन, रूद्र कलश, सर्वभद्र मंडल, नमक ग्रह, कलश पूजन के बाद गर्भ ग्रह में दाल चावल व अन्य अनाजों से महामृत्युंजय मंत्र की प्रतिकृति बनाकर स्थापना एवं पूजन की जाएगी.

# सांसद शर्मा ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

**भोपाल, 27 जुलाई. सांसद आलोक शर्मा, विधायक आतिफ अकील व महापौर मालती राय ने पुराने शहर के बैरसिया रोड स्थित चौकसे नगर और नादरा बस स्टैंड पास स्थित दवा बाजार में विकास कार्यों का भूमिपूजन किया. नगर निगम द्वारा चौकसे नगर में नाले की बाउंड्रीवॉल का निर्माण तथा नादरा बस स्टैंड जे.के. बिल्डिंग परिसर स्थित दवा बाजार में सुलभ जनसुविधा केन्द्र का निर्माण कराया जा रहा है.**



रविवार को सांसद शर्मा, विधायक आतिफ व महापौर राय ने दवा बाजार में सुलभ जनसुविधा केन्द्र निर्माण के लिए भूमिपूजन किया. नगर निगम द्वारा यहां स्वच्छ भारत मिशन के तहत लगभग 23 लाख 50 हजार रुपये की लागत से जनसुविधा केन्द्र का निर्माण कराया जा रहा है. इस जनसुविधा केन्द्र में पुरुषों, महिलाओं एवं दिव्यांगजन के लिए अलग-अगल शौचालय की व्यवस्था की जाएगी. इसके उपरांत सांसद शर्मा, विधायक आतिफ व महापौर राय ने चौकसे नगर में नाले की बाउंड्रीवॉल के निर्माण के लिए भूमिपूजन किया. नगर निगम द्वारा यहा लगभग 33 लाख रुपये की लागत से नाले की बाउंड्रीवॉल का निर्माण कराया जा रहा है.

इस अवसर पर महापौर परिषद के सदस्य मनोज राठौर, जोन अध्यक्ष पूजा शर्मा, पार्षद मो.सरवर व शैलेष साहू सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, भोपाल केमिस्ट एसोसिएशन के सदस्य आदि मौजूद थे.



## महिलाओं ने मनाया हरियाली तीज महोत्सव

**भोपाल, 27 जुलाई.** ईडन गार्डन कॉलोनी अवधपुरी में महिलाओं ने शनिवार को हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न मनोरंजक गेम्स ,गीत संगीत, भजन,नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए. जागृति महिला मंडल द्वारा यह हरियाली तीज महोत्सव कॉलोनी के मंदिर प्रांगण में प्रतिवर्ष सावन माह में आयोजित की जाता है. इस वर्ष की मिसेज हरियाली क्वीन कुसुम वराठे को चुना गया.

## बाबा बर्फानी के लिए राखी लेकर आज रवाना होगा 15 वां जत्था

**भोपाल, 27 जुलाई.** बाबा बर्फानी के लिए विशाल राखी लेकर भोपाल से अमरनाथ यात्रियों का 15 वां जत्था सोमवार को रवाना होगा. ओम शिव शक्ति सेवा मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि मंडल के 83 भोले भक्तों का 15 वां जत्था मालवा एक्सप्रेस द्वारा भोपाल से विशाल आकार की राखी लेकर बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रवाना होगा. इस जत्थे में 17 महिलाएं शामिल हैं , जिनके द्वारा विशाल आकर की राखी बाबा बर्फानी को अर्पित की जायेगी एवं सैनिकों को राखी भेंट की जाएगी, जो कि दिन रात भक्तों की सेवा में लगे हुए हैं.

# कुकिंग स्पर्धा : महिलाओं ने बनाए लजीज व्यंजन

▸ 10 स्थानों पर प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**भोपाल, 27 जुलाई. सिंधी मेला समिति द्वारा आयोजित कुकिंग कॉम्पीटिशन के दूसरे दिन रविवार को भी महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, उन्होंने कई लजीज डिश तैयार कीं. यह कॉम्पीटिशन भोपाल में संत हिरदाराम नगर, पंचवटी, बावड़िया कला, गांधी नगर, ईदगाह, साकेत नगर, सोनागिरी सहित सीहोर, गंजबासौदा, हरदा, विदिशा में भी आयोजित की गई जिसमें लगभग दो हज़ार महिलाओं ने हिस्सा लिया.**



इन सभी विजेताओं को विभिन्न कैटेगरी में मानस भवन में पुरस्कृत किया जायेगा. सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी एवं महासचिव नरेश तलरेजा ने बताया कि रविवार को 10 स्थानों पर इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था.

सिंधी मेला समिति द्वारा आयोजित कुकिंग प्रतियोगिता में संत नगर की महिलाओं ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया, संत नगर में दो स्थान जिसमें ठाकुर आसनदास धर्मशाला में 220 महिलाओं ने और एच वार्ड स्थित झूलेलाल मंदिर में 252 महिलाओं ने भाग लिया. इन दोनों सेंटरों में जज के रूप में दिव्या दरियानी, भावना जगवानी, पिकी ललवानी, चेतना वाधवाणी, सुनीता कालरा, ऋतु कुकरेजा, इंदु वासवानी, रश्मि तलरेजा उपस्थित थीं. इतनी संख्या में महिलाओं को इस आयोजन में आमंत्रित करने के लिए किरण वाधवानी को सम्मानित किया गया.

## एक नजर में



### महापौर और नगर निगम अध्यक्ष सम्मानित

**भोपाल.** भोपाल शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में स्वच्छ शहर की श्रेणी में दूसरा स्थान प्राप्त करने के उपलक्ष्य में महापौर मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी एवं महापौर परिषद के सदस्य आर .के .सिंह बघेल को राष्ट्रीय स्वच्छता नायक सम्मान-2025 से सम्मानित किया गया. रविवार को चूना भट्टी कोलार रोड स्थित श्री होटल में आयोजित सम्मान कार्यक्रम में बौद्ध धर्मगुरु शाक्य पुत्र भंते सागर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे.

### ब्यूटी पेजेंट में विद्या जोशी बनीं मिसेज यूनिवर्स



**भोपाल.** महिला सशक्तिकरण के दृष्टिकोण से इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ पीपुल एवं जन परिषद के संयुक्त तत्वावधान में गत दिवस ऑनलाइन ब्यूटी पेजेंट सीजन चार का फाइनल राउंड आयोजित किया. प्रतियोगिता में चार विभिन्न कैटेगरीज में लगभग 31 प्रतिभागियों ने भाग लिया. संचालन महेंद्र जोशी एवं नितिन श्रीवास्तव ने किया. मिस यूनिवर्स टाइटैनिक ब्यूटी आशिता कोचर एवं मिस यूनिवर्स टाइटैनिक ब्यूटी हर्षल बजाज, मिसेज यूनिवर्स टाइटैनिक ब्यूटी प्रगति सेठ एवं सिंधी फिल्मों की नायिका, 3000 से अधिक सम्मान प्राप्त एवं 23 मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करिश्मा मानी की जूरी ने पूर्व में हुए दो राउंड और फाइनल राउंड के बाद मिसेज यूनिवर्स टाइटैनिक ब्यूटी विजेता (डायनेमिक पर्सनेलिटी ) विद्या जोशी पट .ल (यूएई), मिसेज यूनिवर्स टाइटैनिक ब्यूटी विजेता रनर अप ( चार्मिंग पर्सनेलिटी ) दिव्या चौधरी ( आगरा ), मिस यूनिवर्स टाइटैनिक ब्यूटी उप विजेता ( फोटोजेनिक पर्सनेलिटी), रागिनी द्विवेदी (मुंबई), मिसेज इंडिया टाइटैनिक ब्यूटी विजेता (हंबल पर्सनेलिटी), रुक्मणि गावड़े (भोपाल) और लिटिल बेबी टाइटैनिक रॉकस्टार बेबी क्यारा (भोपाल) को घोषित किया गया. संस्था के संयोजक रामजी श्रीवास्तव एवं महासचिव अजय श्रीवास्तव नीलू ने सभी विजेताओं को बधाईयां दी और सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार प्रगट किया.




### मनोज गुप्ता राजपत्रित अधिकारी संघ के अध्यक्ष बने

**भोपाल (जूनियर रिपोर्टर).** म .प्र . सहकारिता विभाग राजपत्रित अधिकारी संघ की बैठक रविवार का . भा .पाल में आयोजित हुई . बैठक में अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक ( संयुक्त आयुक्त, सहकारिता ) मनोज गुप्ता को संघ का अध्यक्ष चुना गया , जबकि अधिकारी संघ के संरक्षक सेवानिवृत्त अपर आयुक्त अरुण माथुर, ब्रजेश शरण शुक्ल व पीएस तिवारी की उपस्थिति में सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें संयुक्त आयुक्त अरुणा दुबे एवं महेन्द्र दीक्षित को उपाध्यक्ष, संयुक्त आयुक्त के .के .द्विवेदी को जनरल सेक्रेटरी, आरएस विश्वकर्मा उपायुक्त को कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव श्वेता रावत, उपायुक्त एवं अरविंद बौद्ध सहायक आयुक्त को मनोनीत किया गया.

# फिल्म सीमा में नूतन को मिला था फिल्मफेयर अवॉर्ड

▸ भारत भवन में फिल्म समारोह का समापन

**भोपाल, 27 जुलाई. भारत भवन में चार दिवसीय एकाग्र फिल्म समारोह का भव्य समापन रविवार को हो गया. सुप्रसिद्ध अभिनेत्री नूतन के अभिनय पर केन्द्रित इस फिल्म समारोह के अंतिम दिन अमिय चक्रवर्ती द्वारा निर्देशित कालजयी फिल्म सीमा का प्रदर्शन किया गया.**



यह फिल्म वर्ष 1955 में रिलीज हुई थी और नूतन के सशक्त अभिनय की मिसाल मानी जाती है. भारत भवन के छवि प्रभाग द्वारा आयोजित इस फिल्म समारोह ने भारतीय सिनेमा के स्वर्णिम युग की स्मृतियों को जीवंत किया. समारोह का उद्देश्य दर्शकों को नूतन जैसी महान अभिनेत्री की फिल्मों के जरिए भारतीय सिनेमा के सांस्कृतिक, सामाजिक और कलात्मक पक्ष से परिचित कराना था. इस विशेष आयोजन में चार दिनों तक नूतन की चुनिंदा फिल्मों का प्रदर्शन किया गया, जिनमें उनके अभिनय की विविधता और गहराई को दर्शाया गया. नूतन पर केंद्रित यह समारोह न केवल फिल्म प्रेमियों के लिए एक विशेष अनुभव बना, बल्कि इससे भारत भवन की सांस्कृतिक गतिविधियों को भी नई ऊंचाई मिली.

### परिस्थितियों के कारण उत्पन्न हुई स्थिति

फिल्म 'सीमा' एक अनाथ लड़की गौरी की कहानी है, जो परिस्थितियों के कारण गलत समझी जाती है और सुधारगृह पहुंच जाती है. वहां उसकी भेंट होती है प्रमुख अधिकारी अशोक बाबू (बलराज साहनी) से, जो उसके भीतर छिपी अच्छाई और आत्मबल को पहचानते हैं. फिल्म समाज द्वारा उपेक्षित वर्गों के प्रति सहानुभूति और पुनर्वास की आवश्यकता पर एक गहरी टिप्पणी करती है. नूतन ने गौरी के किरदार में जिस संवेदनशीलता और गंभीरता से अभिनय किया.

# 151 की जांच, 37 के होंगे मोतियाबिंद ऑपरेशन

▸ सेवा सदन, भोपाल उत्सव मेला समिति ने आयोजित किया

**भोपाल, 27 जुलाई. राजधानी के गौतम नगर स्थित आर्य भवन में रविवार को सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय और भोपाल उत्सव मेला समिति के संयुक्त प्रयासों से नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित किया गया.**




शिविर का शुभारंभ देवी-देवताओं के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ समिति पदाधिकारियों और सेवा सदन के ट्रस्टी द्वारा किया गया. शिविर में कुल 151 रोगियों की आंखों की जांच की गई, जिनमें 92 पुरुष एवं 59 महिलाएं शामिल थीं. जांच के दौरान 37 रोगियों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई, जिन्हें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय लाकर भर्ती किया गया है. सभी चिंहित रोगियों के लिए निशुल्क भर्ती चिकित्सा, भोजन, फल, दूध, दवाईयां आदि की व्यवस्था की है. सोमवार को वरिष्ठ नेत्र चिकित्सकों द्वारा इनके ऑपरेशन किए जाएंगे. अन्य रोगियों को नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गई तथा उनके रक्तचाप और मधुमेह की जांच भी की गई.

## जीएमसी में बायोकॉन कार्यशाला आयोजित

**भोपाल, 27 जुलाई.** गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) के बायोकेमिस्ट्री विभाग ने जीएमसी बायोकॉन कार्यशाला का आयोजन किया. यह कार्यक्रम 'एडवांस्ड फर्टिलिटी केयर ए मल्टीडिस्पिलनरी अप्रोच' विषय पर केंद्रित था. इस दौरान विशेषज्ञों ने कहा कि बांझपन एक समस्या है, लेकिन इसके कई कारण होते हैं जिनकी सही पहचान केवल जांच से ही संभव है. कार्यशाला का उद्देश्य भी बांझपन से संबंधित आधुनिक जांच पद्धतियों, उपचार तकनीकों से प्रतिभागियों को परिचित कराना था.



# विधायक शर्मा ने किया टीनशेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**भोपाल, 27 जुलाई. कोलार रोड राजवेद राजहर्ष कॉलोनी स्थित एकता पार्क और गोकुलधाम में टीन शेड एवं पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का भूमिपूजन रविवार को विधायक रामेश्वर शर्मा ने किया.**

इस अवसर पर वार्ड 84 के पार्षद प्रतिनिधि गोलू भैया मारण, एकता पार्क समिति के अध्यक्ष श्री मेजर गंगाधर आरक, सतेंद्र बोहरा, सचिव राजू पाटनकर प्रमुख रूप से उपस्थित थे. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शर्मा ने कहा कि वार्ड के निवासियों का ही प्रयास है कि आज यह पार्क इतने सुंदर रूप से विकसित हो रहा है. मैं चाहूंगा कि सभी लोग इसमें सहयोग करें ताकि बच्चों को खेलने के लिए अच्छा माहौल मिल सके. प्रदेश सरकार की मनसा अनुरूप पौधारोपण भी यहां समय-समय पर करना चाहिए, ताकि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी हम आगे बढ़ सके.

कार्यक्रम के दौरान राजेश द्विवेदी, प्रवक्ता ललित गौर, एस एस कन्थेले, पवन सैनी, प्रदीप चौहान, मनोज पाण्डे, राजेश कुशवाहा, रामेश्वर तिवारी, अशोक परते , गौरव महाल्ले सहित समिति के पदाधिकारी, वार्ड के निवासी एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे.

### नीलबड़ शिव मंदिर में सुंदरकांड और पूजन

**भोपाल (जूनियर रिपोर्टर).** सावन माह के पवित्र अवसर पर रविवार को नीलबड़ स्थित झरनेश्वर शिव मंदिर मे सुंदरकांड का भव्य पाठ और विशेष पूजन का आयोजन किया गया. यह आयोजन समाजसेवक के .डी. मिश्रा द्वारा करवाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया. मंदिर के पुजारी जगन्नाथ जोशी ने बताया कि सावन के इस पवित्र महीने में भगवान शिव की विशेष पूजा करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है.

शपथ ग्रहण समारोह ▸ डॉ . साधना गंगराड़े बनीं अध्यक्ष , नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ग्रहण की शपथ

# हिंदी लेखिका संघ की नई कार्यकारिणी गठित

**भोपाल, 27 जुलाई स्थित विश्व संवाद केंद्र, शिवाजी नगर में रविवार 27 जुलाई को हिंदी लेखिका संघ की नव-निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ.**




समारोह में डॉ. साधना गंगराड़े ने अध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण की. उनके साथ ही उपाध्यक्ष डॉ. साधना शुक्ला, सचिव सुनीता यादव, सह सचिव शेफालिका श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष महिमा वर्मा तथा सह-कोषाध्यक्ष मधुलिका श्रीवास्तव ने भी अपने-अपने पदों की शपथ ली. साथ ही कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में मनोरमा पंत, रंजना शर्मा, वंदना मिश्रा, मधुलिका सक्सेना, सुधा दुबे., कमल चंद्रा, शशि बंसल, नविता जौहरी, विनीता राहुरीकर, नीलिमा रंजन, प्रतिभा श्रीवास्तव, शालिनी खरे और प्रेक्षा सक्सेना ने भी शपथ ली. समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार एवं राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के संचालक कैलाश चंद्र पंत ने अपने उद्बोधन में कहा कि लेखिकाओं को केवल लेखनी में दक्ष ही नहीं, अध्ययनशील भी होना चाहिए. उन्होंने वर्तमान लेखिकाओं को पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए साहित्य सृजन में सक्रिय रहने को समय का श्रेष्ठतम उपयोग बताया.

विशिष्ट अतिथि, उप संचालक, संस्कृति विभाग पूजा शुक्ला ने कहा कि रचनात्मकता और स्वजनता की नैसर्गिक शक्ति ईश्वर ने स्त्री को प्रदान की है, और इसका संवेदनशीलता तथा संकल्प के साथ निर्वहन करना प्रत्येक लेखिका का दायित्व है. कार्यक्रम का संचालन शशि बंसल ने से किया. समारोह में साहित्य, शिक्षा और संस्कृति से जुड़े अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे.

> बाल कल्याण एवं बाल साहित्य शोध केंद्र के संचालक महेश सक्सेना ने लेखिका संघ में हुए निर्विरोध अध्यक्षीय चुनाव को आपसी सौहार्द, सरलता और आत्मीयता का प्रतीक बताया. उन्होंने सुझाव दिया कि लेखिका संघ को नवाचार की दिशा में कार्य करते हुए आंचलिक लेखिकाओं को भी जोड़ना चाहिए.